संख्या 13/17/2023- एफएटीएफ (भाग-1)
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
***

कमरा नंबर 14104, कर्तव्य भवन-1, नई दिल्ली
दिनांक: 24 जून 2026

सेवा में,

सचिव,
भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।

विषय : वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) सचिवालय, पेरिस, फ्रांस में दो वर्ष की अवधि के लिए ऋण आधार पर एक पद को भरे जाने -के संबंध में

महोदय/महोदया,

वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) सचिवालय, पेरिस, फ्रांस में ऋण आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए एक पद को भरे जाने का प्रस्ताव है।

2. उपर्युक्त पद के लिए अनिवार्य तथा वांछनीय योग्यताएँ निम्नलिखित हैं :

(क) अनिवार्य योग्यताएँ

(i) अधिकारी केंद्र सरकार के वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 अथवा स्तर-12 के पद पर कार्यरत होना चाहिए।
(ii) अधिकारी के पास धन शोधन विरोधी (एएमएल)/आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) संबंधी विषयों में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए, जिसमें एफएटीएफ के 11 तात्कालिक परिणामों से संबंधित विषयों का अनुभव भी शामिल हो।
(iii) अधिकारी ने भारत की पारस्परिक मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग लिया हो अथवा एफएटीएफ संयुक्त समूह में कार्य करने का अनुभव प्राप्त किया हो।
(iv) अधिकारी सतर्कता की दृष्टि से मुक्त होना चाहिए ।
(v) अधिकारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से प्रतिबंधित नहीं किया गया होना चाहिए।
(vi) अधिकारी का सेवा अभिलेख कम से कम "बहुत अच्छा" श्रेणी का होना चाहिए।
(vii) चयन की स्थिति में अधिकारी को उसके मूल संवर्ग/संगठन द्वारा कार्यमुक्त किए जाने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए।

(ख) वांछनीय योग्यताएं

i. एफएटीएफ मानकों, एफएटीएफ कार्यप्रणाली तथा एफएटीएफ प्रक्रियाओं की गहरी समझ।

ii. मजबूत विश्लेषणात्मक और उत्कृष्ट प्रारूपण तथा संप्रेषण कौशल।

3. इस पद का विवरण पात्र अधिकारियों के मध्य प्रसारित किया जाए तथा इच्छुक एवं पात्र अधिकारियों, जिन्हें संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा कार्यमुक्त किया जा सकता हो, के नाम संलग्न निर्धारित प्रारूप में, संवर्ग अनापत्ति प्रमाण-पत्र, सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र, विस्तृत जीवनवृत्त तथा विगत पाँच वर्षों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन डोज़ियर/प्रमाणित एपीएआर ग्रेडिंग सहित अग्रेषित किए जाएँ।

4. सभी प्रकार से पूर्ण नामांकन, इस परिपत्र के ज़ारी होने की तिथि से चार सप्ताह के भीतर, निदेशक (एफएटीएफ), राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, कक्ष संख्या 14104, चौथी मंजिल, 'सी' विंग, कर्तव्य भवन-I, नई दिल्ली–110001[ई-मेल: smarak.swain@gov.in दूरभाष: 011-24012430] को प्रेषित किए जाएँ।

5. अपूर्ण आवेदन अथवा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को किसी भी आधार पर बाद में अपनी उम्मीदवारी की वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

संलग्नक : ऊपरोक्त अनुसार

भवदीय,

स्मारक स्वाईं

(स्मारक स्वैन)
निदेशक (एफएटीएफ)
राजस्व विभाग
ई-मेल : smarak.swain@gov.in

प्रतिलिपि :

राजस्व विभाग (श्री अरविन्द श्रीवास्तव, सचिव), कर्तव्य भवन-I, नई दिल्ली

<u>प्रपत्र</u>

<u>दो वर्ष की अवधि के लिए ऋण आधार पर एफएटीएफ सचिवालय, पेरिस, फ्रांस प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन</u>

<table>
<tr><td>1.</td><td colspan="3">अधिकारी का नाम (बड़े अक्षरों में)</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>2.</td><td colspan="3">जन्म तिथि</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>3.</td><td colspan="3">अधिवर्षिता की तिथि</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>4.</td><td colspan="3">आवेदक का मोबाइल नं., ई-मेल आईडी एवं कार्यालय के लैंडलाइन नंबर</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>5.</td><td colspan="3">शैक्षणिक योग्यता</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>6.</td><td colspan="3">सेवा में प्रवेश की तिथि (सेवा एवं बैच सहित)</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>7.</td><td colspan="3">वर्तमान पदनाम एवं वेतनमान</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>8.</td><td colspan="3">वर्तमान पद पर निरंतर नियुक्ति की अवधि</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td rowspan="3">9.</td><td colspan="3">पूर्ण अनुभव/पदस्थापन प्रोफ़ाइल (आवश्यक होने पर पृथक पत्रक संलग्न करें)</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>क्र.सं.</td><td>अवधि</td><td>धारित पद/संगठन</td><td>संवर्ग पद/प्रतिनियुक्ति पद</td><td>तैनाती का स्थान</td><td>संक्षिप्त विवरण</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>10.</td><td colspan="3">क्या अधिकारी सतर्कता की दृष्टि से मुक्त हैं</td><td colspan="3">हां /नहीं</td></tr>
<tr><td>11.</td><td colspan="3">क्या अधिकारी पूर्व में केंद्रीय/विदेशी प्रतिनियुक्ति पर रहे हैं? यदि हाँ, तो संगठन, प्रतिनियुक्ति की प्रकृति तथा अवधि (प्रतिनियुक्ति की तिथियाँ) का विवरण दें</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td>12.</td><td colspan="3">क्या अधिकारी केंद्रीय स्टाफिंग योजना के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति हेतु प्रतिबंधित हैं</td><td colspan="3"></td></tr>
</table>

<u>घोषणा :-</u>

मैंने रिक्ति परिपत्र का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लिया है तथा एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी, विश्वास एवं अभिलेखों के अनुसार सत्य एवं सही हैं।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर
दिनांक :

हस्ताक्षर

उपरोक्त विवरणों का प्रमाणीकरण करने वाले अधिकारी का नाम, पदनाम एवं रबर मुहर

<u>टिप्पणी :</u>

1. कॉलम 1 से 9 तक अभ्यर्थी द्वारा भरे जाने है।
2. कॉलम 10 से 12 तक संबंधित मंत्रालय/विभाग/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा भरे जाने है।